सं0 5/2043/60-2-14-2/13(19)/05 टी0सी0-I

प्रेषक

प्रमुख सचिव
महिला एवं बाल विकास विभाग
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/
प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी,
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनॉक 28 अक्टूबर, 2014

विषय- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभागीय सहयोग के सम्बन्ध में।

महोदय ,

जैसा कि आप अवगत ही है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित राष्टीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 4Ds (Birth defect, Deficiency, Diseases and disability including development delays) के दृष्टिगत ब्लाक स्तर पर तैनात डेडिकेटेड मेडिकल टीम्स के माध्यम से सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के कक्षा 01 से कक्षा 12 तक तथा आंगनबाडी केन्द्रो में 03 से 06 वर्ष की आयु तक के बच्चों का 38 चिन्हित स्वास्थ्य अवस्थाओं के चिन्हीकरण, सन्दर्भन एवं उपचार हेतु परीक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है

2. सामान्य बीमारियों जैसे- बुखार, खांसी, जुखाम, फोडा इत्यादि का उपचार स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु आयी हुयी मेडिकल टीम के माध्यम से स्थल पर ही किया जाता है। बीमार बच्चों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/जिला चिकित्सालयों में जॉच एवं नि:शुल्क उपचार हेतु सन्दर्भित किया जाता है। गम्भीर रूप से बीमार बच्चे समीप के मेडिकल कालेज अथवा उच्चतर इकाईयों पर भी सन्दर्भित किये जाते है। मेडिकल टीम द्वारा रक्तअल्पता से बचाव के लिये आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों को आयरन सीरप एवं स्कूल के बच्चों को साप्ताहिक आयरन की गोली दी जाती है। सभी बच्चों को पेट के कीडों को मारने के लिए हर छ: माह पर एल्वेडाजॉल की गोली दी जाती है।

3 स्वास्थ्य विभाग के साथ सम्पन्न हुयी समन्वय बैठकों में सूचित किया गया है कि जनपदों से प्राप्त मासिक रिर्पोटों के अनुसार आंगनबाडी केन्द्रों में जाने वाली डेडिकेटेड मोबाइल टीमों के द्वारा कार्यक्रम के समुचित संचालन एवं अनुश्रवण हेतु सम्पन्न अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक दिनॉक 25.06.2014 में कार्यक्रम के सुधार एवं अधिक

http://shasanadesh.up.nic.in/

उपयोगी बनाये जाने हेतु निम्न निर्णय लिये गये हैं, जिनका पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है:-

- ब्लाक स्तर पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत तैयार किये जाने वाले मासिक माइक्रोप्लान सी0डी0पी0ओ0 को उपलब्ध कराया जाये।

- सी0डी0पी0ओ0 द्वारा माइक्रोप्लान की एक–एक प्रति सम्बन्धित मुख्य सेविका का उपलब्ध करा दी जाये।

- विजिट के दिन डेडिकेटेड मेडिकल टीम द्वारा परीक्षण कराने तक आंगनबाडी केन्द्र खुले रहे।

- परीक्षण के दौरान जो बच्चे सन्दर्भित किये जा रहे हैं, उनके अभिभावकों को निर्धारित दिन एवं समय पर सी0एच0सी0 पर पहुचने हेतु निर्देशित किया जाये।

- आंगनबाडी केन्द्रों पर आने वाले 03-06 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में दो बार 01 मिली लीटर आयरन सीरप दिया जाना है, जिसकी प्रथम खुराक टीम द्वारा विजिट के दिन स्वयं दी जाती है। उसके उपरान्त ए0एन0एम0 / आशा बहू द्वारा निर्धारित दो दिवसों सोमवार व बृहस्पतिवार को यह सीरप बच्चों को नियम से पोषाहार के उपरान्त पिलाया जाये।

- क्षेत्रीय मुख्य सेविका का यह दायित्व है कि वे सुनिश्चित करें कि उसके क्षेत्र के सन्दर्भित बच्चे चिकित्सालय पर भेजें जायें।
- प्रदेश के 22 चिन्हित जनपदों में सबला योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत स्कूल न जाने वाली किशोरियों को विफस कार्यक्रम के अन्तर्गत साप्ताहिक आयरन की बडी नीली गोली दिये जाने का भी प्राविधान है। यह आवश्यक है कि इस योजना से आच्छादित 22 जनपदों में आंगनबाडी कार्यकर्त्री के माध्यम से किशोरियों को ससमय गोलियां उपलब्ध कराने तथा खाने हेतु परामर्श दिया जाये।
- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर मासिक बैठक में सी0डी0पी0ओ0 प्रतिभाग करें। सी0डी0पी0ओ0 का दायित्व होगा कि इस सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित क्षेत्रीय सुपरवाइजर को माईक्रोप्लान के सम्बन्ध में सूचित करें ताकि पर्याप्त संख्या में बच्चे टीमों को मिल सकें।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे

http://shasanadesh.up.nic.in/

महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के माध्यम से बडी संख्या में बच्चें लाभान्वित हो तथा प्रदेश में बच्चों का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके।

(सदाकान्त)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन /तददिनांक

प्रतिलिपि:निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन, लखनऊ

2 मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।

3 महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।

4 निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0, लखनऊ।

(मिश्रीलाल पासवान)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/